भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

**फाईल संख्या 8बी./यू.सी.पी./06/135/2020/एफ0 सी0/444** **दिनांकः 29/07/2021**

सेवा में,

✓ अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषयः– जनपद– चमोली के अन्तर्गत बगोली–जैंटाकोटी–ग्वालखेत–पैखुली मोटर मार्ग का बैनीताल तक विस्तारीकरण हेतु 3.606 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण। (Online No. FP/UK/ROAD/22108/2016)**

**सन्दर्भः–कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक – 214/FP/UK/ROAD/22108/2016 दिनांक 22/07/2021**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर सन्दर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के पत्र दिनांक 17/03/2021 का जवाब राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया गया है तथा यह पाया गया है कि प्रस्ताव में कुल 931 वृक्षों का पातन हो रहा है जिसमें से बांज के वृक्षो की संख्या 382 है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा सी0ए0 हेतु चयनित क्षेत्र मात्र 1200 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जो कि बांज के पौधारोपण हेतु संभवतः उपयुक्त नहीं है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह सी0ए0 हेतु 1700 मीटर या उससे अधिक ऊँचाई पर स्थित क्षेत्र का चयन करें जो बांज के वृक्षों के पौधारोपण हेतु उपयुक्त हो तथा चयनित क्षेत्र की के0एम0एल0 फाईल, डिजिटल मानचित्र, इत्यादि इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

यदि चाही गई सूचना पत्र जारी होने की तिथि के 60 दिनों के भीतर (अधिकतम 90 दिन) इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुयी तो प्रस्ताव को निरस्त किया जा सकता है।

भवदीय,

**(टी0 सी0 नौटियाल)**
उप महानिरीक्षक, वन (के0)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

**(टी0 सी0 नौटियाल)**
उप महानिरीक्षक, वन (के0)